# 9 Ranking Test | रैंकिंग टेस्ट

Ranking means a person's place in a group of people. In this, some conditions are given on the basis of which a person has to find the top or bottom and the right or left position.

In some questions, a person is ranked from front and back and you have to find the total number of people.

Sometimes the number of certain persons is given and one of them is given the position from front or back. If the position is given from the front, then its location has to be found from the back or then it has to be placed from the back and the position has to be obtained from the front.

Many times one of the two persons is ranked from the front and one from the back and there are some people among them, whose number is given and you have to find the number of all the people.

Sometimes two people are positioned from left and right. If they change their place among themselves, then they are placed in their opposite direction and you have to find the total number of people.

The reasoning ability of the candidate is tested through these types of questions

**Linear or horizontal order arrangement**

Questions asked within this are based on the persons or objects in the row, in which some persons or groups of objects are given and their order is also given. You have to find the location of one person or thing relative to another person or thing.

Questions that use the words 'row', 'right-left', 'middle', 'end', etc. should be arranged on the basis of the linear order.

**Vertical order**

Under it, comparative details related to age, height, weight, intelligence, ability etc. of certain persons or objects are generally given and on the basis of the given details, you have to find the age, height, length, weight, intelligence, ability etc. of a particular person or thing .

Questions which use the words 'long-short',

Ranking से तात्पर्य है किसी व्यक्ति का कुल व्यक्तियों के समूह में स्थान। इसमें कुछ शर्तें दी जाती हैं जिनके आधार पर किसी व्यक्ति का ऊपर या नीचे तथा दाएँ या बाएँ से स्थान ज्ञात करना होता है।

कुछ प्रश्नों में किसी व्यक्ति का आगे तथा पीछे से स्थान दिया गया होता है और आपको कुल व्यक्तियों की संख्या ज्ञात करनी होती है।

कई बार कुछ व्यक्तियों की संख्या दी जाती है और उसमें से एक का आगे या पीछे से स्थान दिया गया होता है। अगर आगे से स्थान दिया गया होता है, तो पीछे से उसका स्थान ज्ञात करना होता है या फिर पीछे से उसका स्थान दिया गया होता है और आगे से स्थान प्राप्त करना होता है।

कई बार दो व्यक्तियों में से एक का आगे से तथा एक का पीछे से स्थान दिया गया होता है और उनके बीच कुछ लोग होते हैं, जिनकी संख्या दी गई होती है और आपको सभी लोगों की संख्या ज्ञात करनी होती है।

कभी-कभी दो व्यक्तियों का बायें तथा दायें से स्थान दिया गया होता है। अगर वे आपस में अपना स्थान बदल लें तो उनका उनकी उलटी दिशा से स्थान दिया गया होता है और आपको लोगों की कुल संख्या ज्ञात करनी होती है। इस प्रकार के प्रश्नों के द्वारा अभ्यर्थी की तार्किक क्षमता की परख की जाती है।

**रेखीय या क्षैतिज क्रम व्यवस्था**

इसके अन्तर्गत प्रश्न एक रेखा या पंक्ति में स्थित व्यक्तियों या वस्तुओं पर आधारित होते हैं, जिनमें कुछ व्यक्तियों या वस्तुओं के समूह दिए होते हैं तथा उनका क्रम भी दिया होता है। आपको किसी एक व्यक्ति या वस्तु का स्थान किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु के सापेक्ष ज्ञात करना होता है।

जिन प्रश्नों में 'पंक्ति', 'दाएँ-बाएँ', 'बीच में', 'छोर' आदि शब्दों का प्रयोग किया गया होता है, उन्हें रेखीय क्रम के आधार पर व्यवस्थित करना चाहिए।

**लम्बवत् या ऊर्ध्वाधर क्रम व्यवस्था**

इसके अन्तर्गत सामान्यत: कुछ व्यक्तियों या वस्तुओं की आयु, लम्बाई, ऊँचाई, वजन, बुद्धिमत्ता, योग्यता आदि से सम्बन्धित तुलनात्मक विवरण दिए होते हैं और इसी आधार पर किसी व्यक्ति या वस्तु विशेष की आयु, ऊँचाई, लम्बाई, वजन, बुद्धिमत्ता, योग्यता आदि से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जाते हैं।

जिन प्रश्नों में 'लम्बा-नाटा', 'हल्का-भारी', 'छोटा-बड़ा',

'light-heavy', 'small-big', 'up-down', 'before-after' etc. should be arranged in the vertical order .

The following two sequences are used to solve these types of questions.

**(i)** Ascending order (increasing order) : Length, height, weight etc. are increasing in ascending order.

**(ii)** Descending order (decreasing order) : In descending order, length, height, weight etc. are reduced.

**Important points**

**1.** When the position is to be determined in a class, if you are asked to find a position before the given position then subtraction is done and if you are asked to determine a position below the given position then addition is done.

**2.** If the values of different positions are given from both the directions and the value of the middle position of both of them is also given, then the following two possibilities are formed.

**(i)** Maximum number = Sum of both numbers + the number in the middle

**(ii)** Minimum number = sum of both numbers - the number in the middle + 2

**3.** If the values of different positions are given from both the directions and the value of the middle position between them is not given, then it is not possible to find the maximum number, but the value of the minimum number is equal to the maximum value of the given two directions.

**4.** Position from opposite direction = Total number - position in perpendicular direction +1

**5.** If the position of a number which is right or below the position of the given number is to be determined then addition is done and if the position of a number which is above or on the left of the given number is asked then substraction is done.

**6.** If the value of a position is given from two different directions then the some of positions = Sum of both the directions - 1

**7.** If the question is asked in the order of movement, seating order or books on top of each other, it should be arranged in horizontal line or vertical line or ascending order or descending order.

**8.** In solving the question, 'bigger than' is denoted by ">" sign and 'smaller than' is denoted by "<" sign. For example, Vijay is short than Shankar, "Vijay < Shankar".

**9.** The words 'young' and 'old' are used for age, while the terms 'tall' and 'short' are used for height.

**10.** 'Not the biggest' means big but not the biggest. Never assume that its meaning is small.

'ऊपर-नीचे', 'पहले-बाद' आदि शब्दों का प्रयोग किया गया होता है, उन्हें लम्बवत् क्रम के आधार पर व्यवस्थित करना चाहिए।

इस प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए निम्न दो क्रमों का प्रयोग किया जाता है—

**(i) आरोही क्रम (बढ़ते क्रम)** आरोही क्रम में लम्बाई, ऊँचाई, भार आदि बढ़ते जाते हैं।

**(ii) अवरोही क्रम (घटते क्रम)** अवरोही क्रम में लम्बाई, ऊँचाई, भार आदि घटते जाते हैं।

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

**1.** किसी कक्षा में स्थान का निर्धरण करना हो, तो प्रारम्भ से किसी स्थान के आगे वाले स्थान को प्रश्न में पूछा जाए, तो घटाव की क्रिया एवं पीछे वाले स्थान के बारे में पूछा जाए, तो जोड़ की क्रिया की जाती है।

**2.** यदि दोनों दिशाओं से विभिन्न स्थानों के मान दिए गए हों तथा उन दोनों के मध्य के स्थान का भी मान दिया गया हो, तो निम्न दो सम्भावनाएँ बनती हैं—

**(a)** अधिकतम संख्या = दोनों संख्याओं का योग + मध्य की संख्या

**(b)** न्यूनतम संख्या = दोनों संख्याओं का योग – मध्य की संख्या + 2

**3.** यदि दोनों दिशाओं से विभिन्न स्थानों के मान दिए गए हों तथा उन दोनों के मध्य का स्थान नहीं दिया गया हो, तो अधिकतम संख्या निकालना सम्भव नहीं होता है, परन्तु न्यूनतम संख्या का मान दी गई दोनों दिशाओं में से अधिकतम मान के बराबर होता है।

**4.** विपरीत दिशा से स्थान = कुल संख्या – सीधी दिशा में स्थान + 1

**5.** यदि पंक्ति में स्थान का निर्धारण करना हो, तो प्रारम्भ से या बाएँ से किसी स्थान के आगे या दाएँ वाले भाग को प्रश्न में पूछा जाए, तो जोड़ की क्रिया एवं पीछे या बाएँ के स्थान के बारे में पूछा जाए, तो घटाव की क्रिया की जाती है।

**6.** यदि किसी एक ही स्थान का मान दो विपरीत दिशाओं से दिया गया हो, तो कुल स्थान = दोनों दिशाओं का योग – 1

**7.** आने-जाने का क्रम, बैठने का क्रम या एक-दूसरे के ऊपर किताबें रखने का क्रम प्रश्न में पूछा जाए, तो क्षैतिज रेखा या उदग्र रेखा या आरोही क्रम या अवरोही क्रम में व्यवस्थित करना चाहिए।

**8.** प्रश्न को हल करने में 'से लम्बा' को '>' चिन्ह से तथा 'से नाटा' को '<' चिन्ह से निरूपित किया जाता है। जैसे—विजय, शंकर से नाटा है ⇒ विजय < शंकर।

**9.** 'छोटा' और 'बड़ा' शब्छ को उम्र के लिए प्रयोग किया जाता है, जबकि 'लम्बा' और 'नाटा' शब्द को ऊँचाई के लिए प्रयोग किया जाता है।

**10.** 'सबसे बड़ा नहीं' का अर्थ है बड़ा है लेकिन सबसे बड़ा नहीं। इसका अर्थ यह कभी भी न समझे कि वह छोटा है।

# EXERCISE

1. Aatish is fourteenth from the right end in a row of 40 boys. What is his position from the left end?
आतिश 40 लड़कों की एक पंक्ति में दाहिने छोर से चौदहवें स्थान पर है। बाएं छोर से उसका स्थान क्या हैं?
(a) 26th (b) 28th
(d) 25th (c) 27th
2. Seema's rank is seventh from the top and twenty sixth from the bottom in a class. How many students are there in the class?
एक कक्षा में सीमा शीर्ष से सातवें और नीचे से छब्बीसवें स्थान पर है। कक्षा में कितने छात्र हैं?
(a) 30 (b) 31
(c) 35 (d) 32
3. If you are the 12th person in the queue starting from either end, then the number of persons in the queue is-
यदि आप दोनों छोर से शुरू होने वाली कतार में 12 वें व्यक्ति हैं, तो कतार में व्यक्तियों की संख्या है–
(a) 24 (b) 23
(d) 22 (c) 15
4. In a class of 40 children, Sonam's rank is eighth from the top. Bina is five ranks below Sonam. What is Bina's rank from the bottom?
40 बच्चों की कक्षा में, सोनम का रैंक शीर्ष से आठवां है। बीना सोनम से पांच रैंक नीचे है। नीचे से बीना की रैंक क्या है?
(a) 26 (b) 28 (c) 29
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं
5. In a class of 36 students Vinit's rank from the top is 12th. Kunal's rank is three places above Vinit. What is Kunal's rank from the bottom?
36 छात्रों की कक्षा में विनीत की रैंक शीर्ष से 12 वीं है। कुणाल की रैंक विनीत से तीन स्थान ऊपर है। नीचे से कुणाल का रैंक क्या है?
(a) 27 (b) 28 (c) 29
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं
6. Rupesh's rank is 16th from the top and 29th from the bottom among those who passed an examination. Six boys did not participate in the competition and five failed in it. How many boys were there in the class?
पास होने वाले छात्रों में रूपेश की रैंक शीर्ष से 16 वीं और नीचे से 29 वीं है। छह लड़कों ने प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया और पांच इसमें असफल रहे। कक्षा में कितने लड़के थे?
(a) 38 (b) 42
(c) 48 (d) 55
7. Vinit Jalan finds that he is 20th from the right end in a row of boys and 6th from the left end, then how many boys should be added to the row such that there are 36 boys in the row?
विनीत जालान ने पाया कि वह लड़कों की एक पंक्ति में दाहिने छोर से 20 वें और बाएं छोर से 6 वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कितने लड़कों को जोड़ा जाना चाहिए कि पंक्ति में 36 लड़के हो जाये हैं?
(a) 12
(b) 11
(c) Can't be determined/ निर्धारित नहीं किया जा सकता
(d) 13
8. In a row of boys, Alok is 7th from the start and 11th from the end. In another row of boys, Santosh is 10th from the start and 12th from the end. How many boys are there in both the rows together?
लड़कों की एक पंक्ति में, आलोक शुरू से 7 वें और अंत से 11 वें स्थान पर है। लड़कों की एक और पंक्ति में, संतोश शुरुआत से 10 वें और अंत से 12 वें स्थान पर है। दोनों पंक्तियों में कुल कितने लड़के हैं?
(a) Can't be determined/निर्धारित नहीं किया जा सकता
(b) 37
(c) 9
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं
9. In a row of girls facing North, Tanu is 10th to the left of Priyanka, who is 21st from the right end. If Twinkle, who is 17th from the left end, is 4th to the right of Tanu, how many girls are there in the row?
उत्तर की ओर देख रही लड़कियों की एक पंक्ति में, तनु प्रियंका के बाई ओर 10 वीं है, जो दाहिने छोर से 21 वें स्थान पर है। यदि ट्विंकल, जो बाएं छोर से 17 वें स्थान पर है, तनु के दाई ओर 4 वीं है, तो पंक्ति में कितनी लड़कियां हैं?
(a) Data inadequate / आँकड़े अपर्याप्त है
(b) 43
(c) 44
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं
10. In a row of 29 boys, Rathore is at seventeenth position from the left while Hasan is seventeenth from the right end. How many boys are there between Rathore and Hasan?
29 लड़कों की एक पंक्ति में, राठौड़ बाएं से सत्रहवें स्थान पर है और हसन दाएं छोर से सत्रहवें स्थान पर है। राठौर और हसन के बीच कितने लड़के हैं?
(a) 6
(b) 3
(c) 5
(d) Can't be determined/निर्धारित नहीं किया जा सकता

11. In a queue of girls, Deepa is eighteenth from the front while Nanda is sixteenth from the back. If Kalika is twenty-fifth from the front and is exactly in the middle of Deepa and Nanda, then how many girls are there in the queue?
लड़कियों की एक कतार में, दीपा सामने से 18 वीं है जबकि नंदा पीछे से 16 वीं है। अगर कालिका सामने से 25 वीं है और बिल्कुल दीपा और नंदा के बीच में है, तो कतार में कितनी लड़कियाँ हैं?
(a) 46
(b) 48
(c) 47
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

12. In a row of 21 boys, when Raman was shifted by four places towards the right, he becomes 12th from the left end. What was his earlier position from the right end of the row?
21 लड़कों की एक पंक्ति में, जब रमन को दाईं ओर चार स्थानों पर स्थानांतरित किया गया, तो वह बाएं छोर से 12 वें स्थान पर आ गया। पंक्ति के दाहिने छोर से उसका पूर्व स्थान क्या था?
(a) 13th
(b) 14th
(c) 12th
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

13. In a row of children facing North, Sonam if shifted to her right by four places becomes eighteenth from the right end of the row. Anjuman, who is fifteenth from the left end of the row, is fifth to the left of Sonam. How many children are there in the row?
उत्तर का सामना करने वाले बच्चों की एक पंक्ति में, सोनम अगर चार स्थानों से दाईं ओर शिफ्ट हो जाती है, तो पंक्ति के दाहिने छोर से 18 वीं हो जाती है। अंजुमन जो पंक्ति के बाएं छोर से 15 वां हैं, सोनम के बाएं से 5 वें स्थान पर है। पंक्ति में कितने बच्चे हैं?
(a) 39
(b) 40
(c) 41
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

14. Fifteen students are standing in horizontal row from left to right. If all the odd numbered students in the row are shifted to successive odd-numbered positions, what will be the position of Sonam who was 7th from the left end in the row initially?
पंद्रह छात्र-छात्रा क्षैतिज पंक्ति में बाएं से दाएं खड़े हैं। यदि पंक्ति के सभी विषम संख्या वाले छात्रों को क्रमिक विषम संख्या वाले पदों पर स्थानांतरित कर दिया जाता है, तो पंक्ति में बाएं छोर से शुरू में 7 वें स्थान पर रहने वाली सोनम का स्थान क्या होगा?
(a) 8th from the left end
बाएं छोर से 8वाँ
(b) 7th from the right end
दाएं छोर से 7वाँ
(c) 8th from the right end
दाएं छोर से 8वाँ
(d) 7th from the left end
बाएं छोर से 7वाँ

15. In a row at a bus stop, Amit is 7th from the left and Prakash is 9th from the right. Both of them interchange their positions and thus Amit becomes 11th from the left . How many people are there in that row?
एक बस स्टाप पर एक पंक्ति में, अमित बाएं से 7 वें और प्रकाश दाएं से 9 वें स्थान पर हैं। दोनों ने आपस में अपने स्थानों को बदल दिया और इस तरह अमित बाएं से 11 वें स्थान पर आ गया। उस पंक्ति में कितने लोग हैं?
(a) 20 (b) 18
(c) 21 (d) 19

16. In a queue of children, lovely is fifth from the left and Riya is sixth from the right. When they interchange their places among themselves, Lovely becomes thirteenth from the left. Then, what will be Riya's position from the right?
बच्चों की एक कतार में, लवली बाई से पाँचवीं और रिया दाई से छठीं है। जब वे अपने स्थानों को आपस में बइलते हैं, तो लवली बाई ओर से तेरहवीं हो जाती है। तो दाई ओर से रिया का स्थान क्या होगा?
(a) 15th (b) 14th
(c) 9th (d) 8th

17. In a row of girls, Priyanka and Deepa occupy the ninth p1ace from the right end and tenth place from the left end respectively. If they interchange their places, Priyanka and Deepa occupy Seventeenth place from the right and eighteenth place from the left respectively. how many girls are there in the row?
लड़कियों की एक पंक्ति में, प्रियंका और दीपा क्रमशः दाहिने छोर से नौवें और बाएं छोर से दसवें स्थान पर हैं। यदि वे अपने स्थानों को आपस में बदलते हैं, तो प्रियंका और दीपा क्रमशः दाईं ओर से सत्रहवें स्थान पर और बाईं ओर से अठारहवें स्थान पर रहते हैं। पंक्ति में कितनी लड़कियाँ हैं?
(a) 27
(b) 25
(c) 26
(d) Data inadequate / आँकड़े अपर्याप्त है

18. In a queue of girls, Lovely is 8th from the right end and Khusbu is 12th from the left. When Lovely and Khusbu interchange their positions, then Khusbu becomes 21st from the left Which of the following will be Lovely's position from the right?
लड़कियों की एक कतार में, लवली दाएं छोर से 8 वें और खुशबू बाई ओर से 12 वें स्थान पर है। जब लवली और खुशबू अपने स्थानों को आपस में बदल देते हैं, तो खुशबू बाएं ओर से 21 वीं हो जाती है, निम्नलिखित में से कौन-सा दाई ओर से लवली का स्थान होगा?
(a) 21st
(b) 5th
(c) 17th
(d) Can't be determined/निर्धारित नहीं किया जा सकता

19. In a class test, Rupesh is 6th from the top and Harish is 13th from the bottom. Manish is 9 ranks below Rupesh and 18 ranks above Harish. How many students are there in the class?
एक कक्षा के टेस्ट में, रुपेश शीर्ष से छठे स्थान पर है और हरीश नीचे से 13वें स्थान पर है। मनीष, रुपेश से 9 रैंक नीचे है तथा हरीश से 18 रैंक ऊपर है। कक्षा में कितने छात्र है?
(a) 45
(b) 43
(c) 46
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

20. A and B study in a class. In a test, A has secured more marks than B. B's rank is eleventh from the top among all the students in the class while rank of A is better than 24 students. Which of the following is definitely true?
A और B एक कक्षा में पढ़ते हैं। एक टेस्ट में, A ने B से अधिक अंक प्राप्त किये। सभी छात्रों में, B की रैंक शीर्ष से ग्यारहवीं है जबकि A की रैंक 24 छात्रों से बेहतर है। निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित रूप से सही है?
(a) A stood first in the test
A, टेस्ट में प्रथम आया।
(b) There is atleast one student between A and B in the rank list
रैंक की सूची में A और B के मध्य कम से कम एक छात्र है
(c) The total number of student cannot exceed by 34
छात्रों की कुल संख्या 34से अधिक नहीं हो सकती
(d) The minimum number of students is 28
छात्रों की न्यूनतम संख्या 28 है।

21. Among Q, P, L, M and N, each scores different marks. P scores more than only L and N and less than M and Q. Who scores the highest marks?
Q, P, L, M और N में से, प्रत्येक भिन्न-भिन्न अंकों को प्राप्त करते हैं। P, केवल L और N से अधिक अंक प्राप्त करता है और M और Q से कम अंक प्राप्त करता है। सबसे ज्यादा अंक कौन प्राप्त करता है?
(a) Q
(b) M
(c) N
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

22. There are five books J, K, Y, W and X placed on a table. Y is placed just below J, W is placed just above X, and K is placed below Y and X. Which of the following books touches the surface of the table?
J, K, Y, W और X मेज पर रखी पांच पुस्तकें हैं। Y, J के ठीक नीचे रखी है, W, X के ठीक ऊपर रखी है, और K, Y और X के नीचे रखी है। निम्नलिखित पुस्तकों में से कौन-सी पुस्तक मेज की सतह को छूती है?
(a) W (b) X
(c) K (d) J

23. In a family of 6 members A, B, C, P, Q and R. R, father of B is elder than P. A is younger than only three members of the family. Q, wife of B is elder than C, who is not the youngest. P is second eldest. Who is third eldest among them?
6 सदस्यों A, B, C, P, Q और R के परिवार में R, जो, B का पिता है वह P से बड़ा है। A केवल परिवार के तीन सदस्यों से छोटा है। Q, जो B की पत्नी है वह C से बड़ी है, वह सबसे छोटी नहीं है। P, सबसे बड़े से दूसरे स्थान पर है। इनमें से सबसे बड़े से तीसरे स्थान पर कौन है?
(a) R (b) Q
(c) B (d) C

24. Among 6 persons, Ravi is elder than Mohan but younger than Rohit. Arpit is elder than only 1 person. Sachin is younger than Deepak, who is third eldest among them while Mohan is not the youngest. If they are arranged in descending order of their age then how many persons are between Rohit and Sachin?
6 व्यक्तियों में से, रवि, मोहन से बड़ा है लेकिन रोहित से छोटा है। अर्पित केवल एक व्यक्ति से बड़ा है। सचिन, दीपक से छोटा है जो इनमें से सबसे बड़े से तीसरे स्थान पर है जबकि मोहन सबसे छोटा नहीं है। यदि उन्हें उनकी आयु के अनुसार अवराही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है तो रोहित और सचिन के मध्य कितने व्यक्ति होंगे?
(a) One / एक (b) Two / दो
(c) Three / तीन (d) Four / चार

25. In a row of people Virat's rank is 8th from the left and Anushka's rank is 15th from the left. If 4 boys are to the left of Virat and 14 boys are to the right of Virat. 7 girls are to the left of Anushka and 15 girls are to the right of Anushka then
लोगों की एक पंक्ति में विराट का स्थान बाईं ओर से 8 वां और अनुष्का का स्थान रैंक बाईं ओर से 15 वां है। यदि 4 लड़के विराट के बाईं ओर हैं और 14 लड़के विराट के दाएं ओर हैं। 7 लड़कियां अनुष्का के बाईं ओर हैं और 15 लड़कियां अनुष्का के दाईं ओर हैं
i) How many people are there in the row? (if Virat is a boy and Anushka is a girl)
पंक्ति में कितने लोग है? (यदि विराट एक लड़का और अनुष्का एक लड़की है)
(a) 40 (b) 39 (c) 42
(d) None of these / इनमें से कोई नहीं

ii) How many boys and girls are there in between Virat and Anushka?
विराट और अनुष्का के बीच कितने लड़के और लड़कियाँ है?
(a) 4 girls and 2 boys
4 लड़कियाँ और 2 लड़के
(b) 4 boys and 3 girls
4 लड़के और 3 लड़कियाँ
(c) 4 girls and 3 boys
4 लड़कियाँ और 3 लड़के
(d) 3 girls and 3 boys
3 लड़कियाँ और 3 लड़के

iii) How many girls are to the right of Virat?
विराट के दाएं ओर कितनी लड़कियाँ है?
(a) 20 (b) 19
(c) 21 (d) 18

iv) How many boys are to the left of Anushka?
अनुष्का के बाएं ओर कितने लड़के हैं?
(a) 8 (b) 7
(c) 9 (d) 6

v) When both of them interchange there position then what is the position of Anushka from the right?
जब दोनों आपस में अपने स्थानों को बदल देते हैं, तो अनुष्का का दाएं ओर से स्थान क्या होगा?
(a) 34 (b) 35
(c) 36 (d) 37